सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 36 | इंदौर, मंगलवार 19 अगस्त, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## इंदौर में बारिश के दौरान दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के बिजलपुर (राऊ) इलाके में भारी बारिश के कारण निर्माणाधीन दीवार गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। हादसे में एक युवक घायल भी हुआ है। सबसे पहले हादसा जेसीबी के ड्राइवर ने देखा। उसी ने ठेकेदार को सूचना दी। मौके पर पहुंची राजेंद्र नगर पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे शिव सिटी कॉलोनी में बन रही पानी की टंकी की दीवार गिर गई, जिसमें तीन लोग दब गए। पुलिस के मुताबिक मृतकों के नाम गौतम राठौर (25), रामेश्वर (55) और टीटू (20) हैं। वहीं, सोहन (18) नाम का युवक घायल है। चौकीदार और प्रत्यक्षदर्शी रंजीत राठौर ने बताया कि तीनों मजदूर दब गए थे। सूचना मिलते ही हम यहां पहुंचे और उन्हें निकाला। डीसीपी विनोद मीना ने बताया कि इसमें नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी मजदूर इंदौर के रहने वाले हैं। हादसे में अपनी जान गंवाने वाले गौतम के परिवार में पिता, एक छोटा भाई और दो बहनें हैं। पिता भी मकान निर्माण के काम से ही जुड़े हैं। वहीं, रामेश्वर का एक भाई है। पत्नी छोड़ चुकी है। एक बेटी पत्नी के साथ रहती है। बेटा रामेश्वर के साथ रहता था। सभी लोग कुंदन नगर इलाके के रहने वाले थे। मजदूर महादेव नायक ने बताया कि शिव सिटी के पीछे स्मार्ट सिटी कॉलोनी में मेरा बेटा सोहन भी हादसे में घायल हुआ है। उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया है। सोमवार को टैंक में टाइल्स लगाने का प्लान था, लेकिन इसके पहले ही हादसा हो गया।

## मनिका विश्वकर्मा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया 2025, विश्व मंच पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



# एमपी के 9 जिलों में आज भारी बारिश का अनुमान

### आगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक गिर सकता है पानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश के 9 जिलों में मंगलवार को भारी बारिश होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश हो सकती है। यहां साढ़े 4 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है। इसके बाद सिस्टम और स्ट्रॉन्ग होगा। 21 और 22 अगस्त को दक्षिणी और पूर्वी हिस्सा तरबतर हो जाएगा।**

21-22 अगस्त को सिस्टम होगा ज्यादा स्ट्रॉन्ग

मौसम विभाग के अनुसार, अभी प्रदेश से एक मानसून टर्फ गुजर रही है। इस वजह से इंदौर-उज्जैन संभाग में तेज बारिश हो रही है। वहीं, 2 साइक्लोनिक सर्कुलेशन, दो टर्फ और एक लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव है। 21-22 अगस्त को सिस्टम ज्यादा स्ट्रॉन्ग रहेगा।

### भोपाल समेत 22 जिलों में पानी गिरा

सोमवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का दौर जारी रहा। इंदौर में 1 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। वहीं, उज्जैन में करीब एक इंच और दमोह में आधा इंच बारिश हो गई। राजधानी भोपाल में दोपहर बाद कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश जारी रही। शाजापुर, रतलाम, खरगोन, बड़वानी, धार, बैतूल, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, उमरिया, देवास, सीहोर, राजगढ़, विदिशा समेत कई जिलों में भी हल्की बारिश हुई। रात में भी बारिश का दौर जारी रहा।

### प्रदेश में अब तक 31.5 इंच बारिश

प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 31.5 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 25.6 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 5.9 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। यानी, अब तक 85 प्रतिशत पानी गिर चुका है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से पार्लियामेंट हाउस नई दिल्ली में सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुलाकात कर मध्यप्रदेश आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में हाल ही में होने वाले किसान सम्मेलन और भोपाल मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ करने प्रधानमंत्री श्री मोदी से आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगीकरण का वातावरण चल रहा है। इस दिशा में स्वदेशी का अभियान भी पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत बनाने की कड़ी में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि स्वदेशी अभियान के तहत गुणवत्तायुक्त उत्पाद बनाए जाए। इसके लिए हम सबको अधिक काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पिछले सवा साल से औद्योगीकरण का प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप 30 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए जा चुके हैं। इसमें 21 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसी क्रम से राज्य सरकार काम करती रहेगी और निरंतर विकास की राह पर अग्रसर होती रहेगी।

# सिंहस्थ तक इंदौर के मुख्य रेलवे स्टेशन का बनना मुश्किल

**इंदौर। शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण का काम तीन साल में पूरा हो जाएगा, इसे लेकर संशय है, क्योंकि इस दौरान प्लेटफार्म से ट्रेनों का भी संचालन होगा और नए भवन का निर्माण भी अलग-अलग हिस्सों में होगा। तीन साल बाद सिंहस्थ 2028 उज्जैन में लगने वाला है और ज्यादातर यात्री इंदौर से होकर उज्जैन के लिए जाते हैं। तब तक हर हाल में रेलवे स्टेशन बन जाना चाहिए, लेकिन अभी पुरानी इमारत तोड़ने का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। उसे तोड़ने में ही डेढ़ माह लगेंगे।**

इस रेलवे स्टेशन का भूमिपूजन सालभर पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया था। ठेका अहमदाबाद की कंपनी को दिया गया है, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। पिछले माह



जनप्रतिनिधियों के साथ इस प्रोजेक्ट को लेकर सांसद शंकर लालवानी ने बैठक की थी, तब भी नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सिंहस्थ को समीप आता देख काम तीन साल में पूरा करने को लेकर संदेह प्रकट किया था। सांसद शंकर लालवानी का कहना है कि बिल्डिंग को अलग-अलग हिस्सों में बनाया जाएगा। सिंहस्थ तक यात्रियों के उपयोग वाले हिस्से का काम पूरा कर लिया जाएगा। उसके निर्माण को ही प्राथमिकता दी जा रही है। निर्माण अवधि में मुख्य रेलवे स्टेशन से चलने वाली कुछ रेल गाड़ियां लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से संचालित होंगी, जबकि मुख्य रेलवे स्टेशन से भी ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। कुछ ट्रेनों के प्लेटफार्म भी बदले गए हैं। नई बिल्डिंग सात मंजिला होगी। पार्किंग, बेसमेंट में रहेगी जिसमें 500 चार पहिया वाहन पार्क हो सकेंगे। स्टेशन पर 26 लिफ्ट होंगी। अफसरों ने बताया कि मेट्रो स्टेशन से भी नए रेलवे स्टेशन की कनेक्टिविटी होगी। पहले पुरानी बिल्डिंग को तोड़ा जाएगा। पहले 60 मीटर वाले हिस्से में काम होगा, ताकि स्टेशन से ट्रेनों के संचालन की गतिविधियां प्रभावित न हों। इस प्रोजेक्ट पर 450 करोड़ रुपये खर्च होंगे। रेल बजट में भी इसके लिए राशि आवंटित हुई है। यह रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नए स्टेशन की बिल्डिंग एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगी। भीतर शॉप, फूड जोन रहेंगे। यात्रियों के लिए आरामदायक पैदल पुल, एस्केलेटर, टिकट काउंटर, शेड आदि बनेंगे। इसके अलावा मल्टीलेवल पार्किंग भी रहेगा, ताकि ज्यादा समय तक पार्क रहने वाली गाड़ियां व्यवस्थित रखी जा सकें। पार्क रोड को भी नए स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इंदौर रेलवे स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म भी एक सीध में बनेंगे। अभी प्लेटफॉर्म पर पटरियों व कोच के बीच गैप रहने के कारण हादसे होने का अंदेशा बना रहता है। नए रेलवे स्टेशन के लिए पार्किंग व पार्सल विभाग का हिस्सा भी यात्री सुविधा के लिए लिया जा सकता है। पार्सल विभाग को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा।

# दो सिर, चार हाथ वाली बच्ची को ले गए परिजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 13 अगस्त की रात महाराजा तुकोजीराव हॉस्पिटल (एमटीएच) में जन्मी दो सिर, चार हाथ और दो दिल वाली नवजात बच्ची को परिजन नाजुक हालत में डॉक्टरों के मना करने के बावजूद घर ले गए। बच्ची को जन्म के तुरंत बाद एमवाय अस्पताल के पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) में भर्ती किया गया था, जहां डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की टीम लगातार उसकी मॉनिटरिंग और इलाज कर रही थी।**

परिजनों ने लिखित रूप में कंसेंट भी दिया कि बच्ची को कुछ होने पर जिम्मेदारी वे स्वयं लेंगे। पीआईसीयू इंचार्ज डॉ. ब्रजेश लाहोटी ने बताया कि 'बच्ची ऑक्सीजन सपोर्ट पर थी और उसकी स्थिति गंभीर थी। शनिवार की शाम परिजनों ने अचानक छुट्टी लेने की इच्छा जताई। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। रविवार को डिस्चार्ज प्रक्रिया पूरी की गई और बच्ची को परिजन अपने साथ घर ले गए।' बच्ची खरगोन जिले के मोथापुरा गांव की सोनाली पत्नी आशाराम की पहली



संतान है। बच्ची की सोनोग्राफी और अन्य जरूरी जांचें शेष थीं। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी मॉनिटरिंग कर रही थी, ताकि किसी भी जटिल स्थिति को तुरंत संभाला जा सके। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने यह भी पाया कि 24 घंटे की ऑब्जर्वेशन में अगर एक बच्ची रोती है तो दूसरी के ऑर्गन्स भी मूवमेंट करने लगते हैं और उसकी नींद खुल जाती है। मेडिकल टर्मिनोलॉजी में ऐसे बच्चों को कंजॉइंड ट्विन्स कहा जाता है। यह जन्मजात विकृति बेहद दुर्लभ है और ऐसे मामले बहुत कम ही सामने आते हैं। बीती 22 जुलाई को इंदौर के एमटीएच में ही दो सिर वाली एक और बच्ची जन्मी थी। उसे दो हफ्ते तक तक स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में रखा गया था। इसके बाद परिवार ने उसे घर ले जाने का फैसला किया। 6 अगस्त को देवास निवासी दंपती के घर पर बच्ची ने दम तोड़ दिया। इस बच्ची के दो सिर थे, लेकिन शरीर का पूरा हिस्सा एक था। दो सिर और एक शरीर वाली यह संरचना मेडिकल क्षेत्र में पैरापैगस डायसेफेलस नामक एक दुर्लभ स्थिति होती है।

## बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु मिलेगी 25 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत बीड़ी, चूना पत्थर, डोलोमाईट तथा लौह-मैग्नीज-क्रोम अयस्क खदान श्रमिक एवं उनके पुत्र-पुत्रियों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजनांतर्गत कक्षा 1 से उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर एक हजार रुपये से 25 हजार रुपये तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholar-ships.gov.in) पर ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए ओटीआर (One Time Registration) एवं फेस ऑर्थेटिकेशन प्रक्रिया पूरी करना अनिवार्य है। आवेदन की पात्रता एवं अन्य जानकारी नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर उपलब्ध है।**

बीड़ी श्रमिक औषधालय इंदौर के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि छात्रवृत्ति हेतु प्री मेट्रिक के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तथा पोस्ट मेट्रिक हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों को स्पष्ट और पठनीय स्थिति में स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात अपने शिक्षण संस्थान में संपर्क कर अपने आवेदन को स्कॉलरशिप पोर्टल (https://scholar-ships.gov.in) के माध्यम से ही सत्यापित करवाना होगा। बिना सत्यापित आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु जबलपुर मुख्यालय के दूरभाष क्रमांक-0761-4039511, 4039510 या e-mail ID -wc.jabal-pur@rediffmail.com, wcjab@mp.gov.in तथा कल्याण प्रशासक कार्यालय, इन्दौर के दूरभाष क्रमांक-0731-2703530 व e-mail ID-waind@mp.gov.in पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। साथ ही मध्यप्रदेश परिक्षेत्र में संचालित अपने नजदीकी औषधालयों एवं केन्द्रीय चिकित्सालय सागर में व्यक्तिगत रूप से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

◆बीजेपी नगर अध्यक्ष बोले महापौर स्मार्ट... ये फिल्मों में भी जाते तो फिट रहते, एकदम हीरो जैसे दिखते हैं

# भाभी दिन में 3-4 बार वीडियो कॉल कर पूछती हैं, कहां हो?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में बीजेपी नगर अध्यक्ष ने सार्वजनिक मंच से महापौर पुष्यमित्र भार्गव को लेकर बेतुका बयान दिया। सुमित मिश्रा ने कहा कि उनकी पत्नी दिन में कई बार वीडियो कॉल करके पूछती हैं, कहां हो, किसके साथ हो। उनको खुटका रहता है।**

मिश्रा के इस बयान को अब सोशल मीडिया पर लोग मीम्स के जरिए वायरल कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मिश्रा ने यह बयान रविवार को संजीवनी क्लीनिक के उद्घाटन में दिया था। जब वह यह बयान दे रहे थे, तब महापौर भार्गव मंच के सामने ही बैठे थे, जिससे वे असहज हो गए। नगर अध्यक्ष मिश्रा वायरल वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि पुष्यमित्रजी को देखकर आपको ऐसा नहीं लगता कि ये फिल्मों में भी जाते तो फिट रहते, एकदम हीरो जैसे दिखते हैं



स्मार्ट सिटी के स्मार्ट महापौर। उन्होंने आगे कहा- अच्छा, दिन में 4 से 6 बार भाभी उन्हें वीडियो कॉल करती हैं। कहां हो, किसके साथ हो, किस कार्यक्रम में हो? अपने को तो महापौरजी पर पूरा भरोसा है। क्या है कि महापौरजी इतने लोकप्रिय हैं कि भाभी को कभी-कभी खुटका हो जाता है कि कहीं महापौर इधर-उधर भटक न जाएं। क्योंकि स्मार्ट आदमी हैं, कोई पकड़-पुकड़ा कर ले न जाए। नगर अध्यक्ष ने आगे कहा कि महापौरजी बड़े वकील भी रहे हैं और अर्थशास्त्र का एक सिद्धांत है कि बुरी मुद्रा जो है। वह अच्छी मुद्रा को चलन से बाहर कर देती है। राजनीति में भी ऐसा ही होता है। जब बुरे लोग बहुत आते हैं तो अच्छे लोग राजनीति में आने से बचते हैं। बता दें कि इस दौरान मंच पर मंत्री तुलसी सिलावट भी मौजूद थे।

नगर अध्यक्ष मिश्रा ने कल कहा था कि भगवान गणेश के अनन्य भक्त और पिछले कई सालों से खजराना गणेश भक्त मंडल से जुड़े पूर्व पार्षद अरविंद बागड़ी का नाम अध्यक्ष पद से काटकर कांग्रेस ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि उसे सनातन, हिंदू धर्म और धर्म में आस्था रखने वाले हर व्यक्ति से नफरत है। कांग्रेस बगड़ी को सनातन हिंदू धर्म के प्रति उनकी आस्था की सजा दे रही है। यही कारण है कि उनकी जगह एक ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस ने अध्यक्ष चुन लिया है। जिसके खिलाफ शहर के 4 थानों में 14 से ज्यादा प्रकरण दर्ज है। जिसने अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों से नफरत करता है और धारा 307 का आरोपी है।

## अवैध अहाते पर निगम की बड़ी कार्रवाई, हंगामे के बाद तालाबंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा मेनरोड पर अवैध रूप से संचालित किए जा रहे अहाते पर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए तालाबंदी कर दी। यहां पर डिस्पोजल और प्लास्टिक का भी धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा था। निगम की टीम के पहुंचते ही विवाद खड़ा हो गया और काफी हंगामे के बाद कार्रवाई पूरी की गई।**

वार्ड क्रमांक 10 में शराब दुकान के पास बने अहाते को लेकर स्थानीय लोग लंबे समय से परेशान थे। इस संबंध में शिकायतें महापौर से लेकर निगम कमिश्नर तक पहुंच चुकी थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया। निगम की टीम कल शाम जब मौके पर पहुंची तो अहाते के अंदर गंदगी फैली हुई थी और बड़ी मात्रा में डिस्पोजल का उपयोग हो रहा था। अधिकारियों ने वहां मौजूद कुछ लोगों को फटकार लगाई तो वे भड़क गए और बहस करने लगे। निगम अधिकारियों ने स्पॉट फाइन की



बात कही, जिस पर वहां हंगामा खड़ा हो गया। हंगामे के बीच निगम अधिकारियों ने मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया। इसके बाद सीएसआई भारत करोसिया के निर्देश पर अहाते पर तत्काल तालाबंदी कर दी गई। ज्ञात हो कि शहर की कई वाइन शॉप्स के आसपास अवैध रूप से अहाते संचालित किए जा रहे हैं। जबकि कुछ वर्ष पहले शासन की नीति के तहत इन्हें बंद कर दिया गया था। बावजूद इसके आबकारी और पुलिस विभाग की सांठगांठ से कई जगहों पर ये बेखौफ तरीके से चालू हैं। रहवासियों की शिकायत के बाद ही इन पर एक्शन हो रहा है। पिछले एक साल के अंदर अलग अलग रहवासी क्षेत्रों में कई बार विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं।

## राधा कृष्ण के रूप में सबके मन को भा गए पाल दंपति

◆मेघदूत में मना जन्माष्टमी पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** ऐरोबिक्स क्लब मेघदूत द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्लब के सदस्य दंपति राधा और कृष्ण के रूप में पधारे जिनका सभी ने दिल खोलकर आदर सत्कार किया और उनके साथ सेल्फी से लेकर फोटो खिंचाए। मटकी फोड़ का आयोजन भी किया गया। एरोबिक्स क्लब मेघदूत के मुख्य प्रशिक्षक जितेन्द्र मेश्राम कोषाध्यक्ष राजिंदर भाटिया ने बताया कि जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कल। मेघुत उपवन में वृहद आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्लब के ओम प्रकाश और प्रमिला पाल राधा कृष्ण के रूप में तैयार होकर जब मेघदूत में पधारे तो उनकी छवि सबको भा गई सभी ने उनका दिल खोलकर आदर सत्कार किया और उनके साथ सेल्फी से लेकर फोटो तक लिए। पाल दम्पति ने भी किसी को निराश नहीं किया और सबके साथ सेल्फी और फोटो खिंचवाए उन्होंने कृष्ण भक्ति के अनेक गीतों पर प्रस्तुति दी। साथ ही सभी ने उनके साथ नृत्य किया तो ऐसा लग रहा था जैसे कि राधा रास हो रहा हो। इस अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें आंखों पर पट्टी बांधकर सुभाष पानतावने ने मटकी फोड़ी। आयोजन में मुख्य रूप से डीएसपी शैलजा भदौरिया, मधु गौर, नंदना पाल उज्वल सविता शेंडे, सुशील दुबे, मीना खन्ना, बबलू पाल, मनीष पाल, शेखर गुर्जर, दीपक परमार, नेहा भावसार, संध्या मित्तल सहित क्लब के अनेक सदस्य शामिल हुए।

# मंत्री, मेयर, अफसरों ने झाड़ू लगाकर की सड़कें साफ

◆ स्वच्छताकर्मी रहे अवकाश पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजबाड़ा पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जनता के साथ झाड़ू लगाई। अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न रहवासी और व्यापारिक संगठनों ने भी सफाई का मोर्चा संभाला। दरअसल, रविवार को गोगा नवमी पर्व होने के कारण सोमवार को सफाई मित्रों का अवकाश रहा। इसके चलते जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों सड़कों की सफाई की।**



मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जनभागीदारी इंदौरियों के डीएनए में शामिल है, इसलिए जब भी शहर कोई अभियान चलाता है, वह सफल होता है। उन्होंने बताया कि 20 साल पहले उन्होंने क्लीन इंदौर-ग्रीन इंदौर का सपना देखा था। अब क्लीन इंदौर तो बन चुका है, और ग्रीन इंदौर बनाने का काम जारी है। मंत्री ने कहा कि इसके लिए लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि ग्रीन एरिया भी बढ़ेगा और क्लीन-ग्रीन इंदौर का सपना पूरा होगा। लोगों का सहयोग लगातार मिल रहा है। अब तक लाखों पेड़ लगाए जा चुके हैं और रोजाना लोग वृक्षारोपण में हिस्सा ले रहे हैं। मंत्री ने कहा, "निश्चित रूप से इंदौर के लोग अपने शहर से प्यार करते हैं। जो लोग शहर से प्यार करते हैं, वे हमेशा शहर के लिए तैयार रहते हैं।' मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि गैर-जिम्मेदार विपक्ष केवल आरोप लगाता है और भाग जाता है, जबकि जिम्मेदार विपक्ष अपने आरोपों को प्रमाण के साथ सिद्ध करता है। उन्होंने कहा, 'हमें गर्व है कि हम विपक्ष में रहते हुए जिम्मेदार भूमिका निभा चुके हैं। वर्तमान में हमारे पास जिम्मेदार विपक्ष नहीं है, बल्कि केवल गैर-जिम्मेदार विपक्ष है, जो सिर्फ आरोप लगाने में माहिर है और उसके पक्ष में कोई प्रमाण नहीं देता।' महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर शहर में सालभर अलग-अलग जुलूस और कार्यक्रम होते रहते हैं। बड़ी-बड़ी रैलियां होती हैं, पीएम और सीएम की रैलियां निकलती हैं, तिरंगा यात्रा होती है। ऐसे सभी आयोजनों के दौरान सफाई मित्र पीछे-पीछे शहर की गलियों को साफ करते हुए चलते हैं। महापौर ने कहा कि गोगा नवमी पर जब जुलूस निशान राजबाड़ा पहुंचता है, तब भी हमारी जिम्मेदारी है कि सफाई मित्रों के सम्मान में हम मैदान में उतरे। उनके द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस और जलसों की सफाई की जिम्मेदारी हमारी है। बता दे कि इस अभियान को लेकर महापौर ने जनता से अपील की थी। उन्होंने कहा था कि सफाई मित्र सालभर धूप, बारिश और ठंड की परवाह किए बिना दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि जिस दिन उन्हें छुट्टी मिले, उस दिन हम सब मिलकर अपने गली-मोहल्ले और वार्ड को साफ रखें। अगर हर नागरिक इस महा जनभागीदारी सफाई अभियान में जुड़ जाएगा, तो हमारा शहर और ज्यादा स्वच्छ और सुंदर बनेगा। अभियान में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, प्रभारी स्वास्थ्य अश्विनी शुक्ला, जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद रूपाली पेंठारकर, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों आदि के साथ राजबाड़ा और आसपास के क्षेत्र में महा सफाई अभियान में सम्मिलित होकर क्षेत्र में झाड़ू लगाई। इसके साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्र में भी विभिन्न संगठनों, रहवासी संगठन, बैंकिंग सेक्टर, एनजीओ संस्था के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया।

# पश्चिम मप्र में इस वर्ष अब तक एक लाख से ज्यादा नए बिजली कनेक्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ता सेवाओं का प्रभावी रूप से संचालन कर रही है। कैलेंडर वर्ष 2025 के पहले साढ़े सात माह के दौरान पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने मालवा निमाड़ में एक लाख चार सौ से ज्यादा नए सर्विस कनेक्शन दिए हैं। सबसे ज्यादा इंदौर जिले में 31 हजार नए बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि जनवरी से 17 अगस्त के बीच सभी सर्कल, जिलों में उपभोक्ताओं को मांग, पात्रतानुसार बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस तरह 1 जनवरी से अब तक की अवधि में 1 लाख चार सौ से ज्यादा नए कनेक्शन जारी कर दिए गए हैं। इसमें से सबसे ज्यादा इंदौर जिले में 31 हजार कनेक्शन दिए गए हैं। इंदौर के बाद सर्वाधिक नए कनेक्शन जारी करने में उज्जैन जिला दूसरे क्रम पर 9800 कनेक्शन , रतलाम जिला 6050 कनेक्शन वाला तीसरा जिला हैं। अन्य जिले में इस अवधि के दौरान 2800 कनेक्शन से लेकर 4 300 नए सर्विस कनेक्शन (NSC) जारी किए गए हैं। आवेदकों को ऊर्जस एप, ऊर्जस पोर्टल, कंपनी की बेबसाइट mpwz.co.in के माध्यम से भी बगैर कार्यालय पहुंचे कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं।

## स्वच्छता मॉडल की झांकी बनाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम ने सोमवार को झांकी निर्माण के काम का श्रीगणेश किया। हर साल की तरह इस साल भी नगर निगम की झांकियां अनंत चतुर्थी के चल समारोह में शामिल होंगी। इस बार की झांकियां देशभक्ति और स्वच्छता मॉडल पर आधारित होंगी। नगर निगम श्री गणेश उत्सव समिति के माध्यम से निगम परिसर (स्वास्थ्य कंट्रोल रूम के पास) में झांकी लगाई जाती है। जिसका निर्माण का आज शुभारंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष और महापौर परिषद सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने झांकी निर्माण का काम शुरू करने से पहले पूजन-अर्चन किया। नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाला चल समारोह इंदौर शहर की शान और पहचान है। सौ वर्ष पुरानी परंपरा है। आज हमने गणेश पूजन किया है। यहां पर झांकियों का निर्माण होगा। मिल जो झांकियां बनाती हैं उन्हें भी 2-2 लाख रुपए का अनुदान निगम द्वारा दिया जाता है। इसके अलावा अखाड़ों को भी अनुदान दिया जाता है। अखाड़ों को दिए जाने वाले अनुदान को बढ़ाने का आग्रह महापौर से किया है। इस बार देश के प्रति समर्पित झांकी, स्वच्छता का मॉडल जैसी झांकियां तैयार की जाएंगी। हम जो अच्छा कर सकते हैं झांकियों के माध्यम से बताने का प्रयास करेंगे।



### कांग्रेस शहर अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर विवाद

# कार्यकर्ताओं ने पटवारी और वानखेड़े का पुतला फूंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा के बाद शुरू हुआ विरोध का सिलसिला थम नहीं रहा है। जहां कांग्रेस से रुष्ट कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, तो इन नियुक्तियों के खिलाफ सड़क पर भी उतरने लगे हैं। नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं ने देपालपुर में इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़ी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी का पुतला जलाया और नारेबाजी की। देपालपुर में भी प्रदर्शन होगा।**



कांग्रेस ने शनिवार को पार्षद एवं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को इंदौर का शहर अध्यक्ष घोषित किया है। इसके बाद से लगातार विरोध हो रहा है। इंदौर पूर्व महिला मोर्चा के सवाल उठाने और संभागीय प्रवक्ता के इस्तीफा देने के बाद अब अन्य कांग्रेस नेता भी मुखर हो गए हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस के लिए बरसों से संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को एक बार फिर नजरअंदाज कर दिया गया है और चंद बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमने वाले दौलतमंद व अवसरवादी लोगों को अहम पदों पर बैठा दिया गया है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी से अब विरोध में सवाल किया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि इंदौर जिले में कांग्रेस पार्टी को सबसे कम वोट विधानसभा क्षेत्र क्र-2 से मिलते हैं। फिर चाहे कोई भी चुनाव (लोकसभा, विधानसभा,नगर निगम) हो। फिर ऐसी क्या मजबूरी है कि संगठन के सारे मुख्य पद (नेता प्रतिपक्ष एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष और अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष भी) विधानसभा-2 के नेताओं को ही दिए जा रहे हैं? हम यह मानते हैं कि विधानसभा क्षेत्र-2 में कांग्रेस कमजोर है। वहां सालों से पार्टी हार रही है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 और 5 में भी 2 दशक से हम विधानसभा हार रहे हैं, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि क्षेत्र क्रमांक-5 के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वहां कांग्रेस का वोट प्रतिशत कम नहीं होने दिया। हर चुनाव में सबसे ज्यादा वोट पार्टी को उसी विधानसभा से मिले हैं। यहां के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौजूदा भाजपा सांसद और विधायक से किसी तरह का कोई राजनीतिक समझौता कभी नहीं किया है। इस लिहाज से अन्य विधानसभा क्षेत्रों को और ज्यादा मजबूत और उपकृत करना चाहिए, ना कि उपेक्षा होनी चाहिए।

## कांग्रेस की निष्ठा का उड़ाया मजाक

छात्र और कांग्रेस नेता जीतू दीवान और जमीनी कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सृजन नहीं, बल्कि कांग्रेस की निष्ठा और भावनाओं का मजाक उड़ाना है। उन्होंने सवाल किया क्या कांग्रेस में काबिल, ईमानदार और समर्पित कार्यकर्ताओं की इतनी कमी हो गई है कि उनकी कद्र करना छोड़ दी गई या कांग्रेस अब सिर्फ व्यक्तिगत गुटबाजी का अड्डा बनकर रह गई है? कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भी सवाल उठाया कि यदि नियुक्तियां पहले से ही तय थीं, तो कार्यकर्ताओं से राय मांगने का नाटक क्यों रचा गया? उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा है और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की मेहनत को अपमानित किया गया है।

# उज्जैन में छाया राजसी सवारी का आनंद, जय श्री महाकाल के जयकारों से गूंज उठी अवंतिका नगरी

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी में डमरू बजाते हुए सम्मिलित हुए





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी।** भगवान श्री महाकालेश्वर की भाद्रपद माह की अंतिम व राजसी सवारी सोमवार को पूरे ठाट-बाट और राजसी स्वरूप में निकाली गई। रजत पालकी में विराजित होकर भगवान श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमोलीश्वर के स्वरूप में अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले तो सम्पूर्ण उज्जैन नगरी भगवान श्री महाकालेश्वर की जय-जयकार से गुंजायमान हो उठी। चारों दिशाओं में भगवान महाकाल की भक्ति में लीन भक्तो के नेत्र त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की एक झलक पाने के लिए आतुर थे।

श्री महाकालेश्वर भगवान की प्रमुख राजसी सवारी में रजत पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, गजराज पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव, नन्दी रथ पर उमा-महेश और डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद, बैलगाडी में रथ पर श्री सप्तधान का मुखारविंद नगर भ्रमण पर अपनी प्रजा का हाल जानने निकले। नगर भ्रमण पर निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में कोटितीर्थ कुण्ड के पास स्थित सभामंडप में श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का षोडशोपचार से पूजन-अर्चन कर भगवान की आरती की गई। पूजन-अर्चन मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभा मंडप में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का पूजन-अर्चन किया गया। सभा मंडप में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव ने भी भगवान चंद्रमौलेश्वर का पूजन किया और आरती में सम्मिलित हुए। पूजन के बाद निर्धारित समय पर भगवान श्री महाकाल की पालकी नगर भ्रमण के लिये रवाना किया गया। रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर जैसे ही मुख्य द्वार पर पहुचें, असंख्य श्रद्धालुओं ने भगवान श्री महाकालेश्वर का स्वागत कर वंदन किया। भगवान श्री महाकालेश्वर की पालकी जैसे ही महाकालेश्वर मंदिर से मुख्य द्वार पर पहुंची वहां सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा पालकी में विराजित भगवान को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई।

### रामघाट पर मां क्षिप्रा के जल से हुआ श्री महाकालेश्वर भगवान के श्री चंद्रमौलेश्वर व श्री मनमहेश स्वरुप का अभिषेक

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी परम्परागत मार्गो से होती हुई रामघाट पहुंची। जहा मां क्षिप्रा के जल से पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर व हाथी पर विराजमान श्री मनमहेश का अभिषेक व पूजन-अर्चन किया गया। रामघाट पर भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की पालकी पहुंचने के पश्चात शिप्रा नदी के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल व जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव पूजन अर्चन में सम्मिलित हुए। पूजन पं घनश्याम शर्मा ने संपन्न कराया। इसके पश्चात भगवान की पालकी अपने निर्धारित गंतव्य के लिए रवाना हुई।

## मंत्री विजय शाह मामले की सुनवाई टली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के विवादित बयान मामले में सोमवार 18 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई प्रस्तावित थी, लेकिन जस्टिस जे. सूर्यकांत की डबल बेंच न बैठने के कारण यह सुनवाई टल गई है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) से स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। वहीं, मंत्री विजय शाह के वकील उनकी माफी को लेकर भी अपना पक्ष रखने वाले थे। 28 जुलाई को जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई की थी। उस दौरान कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की सार्वजनिक माफी को निष्ठाहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। अदालत का कहना था कि उनके माफीनामे वाले वीडियो में जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने की बात स्वीकार ही नहीं की गई।

## सब इंस्पेक्टर के कपड़े फाड़े, पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**बालाघाट, एजेंसी।** तेज रफ्तार पुलिस वाहन ने 8 साल के बच्चे को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, गुस्साए लोगों ने वाहन के ड्राइवर और उसमें सवार सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। ये घटना जिले के लांजी थाना क्षेत्र के भिमोड़ी गांव में रविवार शाम करीब 5 बजे की है। मृतक बच्चे का नाम राजकुमार गरुड़े है। उसकी मौत के बाद सोमवार को परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

## लापता पांच छात्राएं मैहर से मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**उमरिया, एजेंसी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस कन्या छात्रावास गिंजरी, पाली में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कक्षा आठवीं की पाँच छात्राएं अचानक लापता हो गईं। मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गए और आसपास के जिलों तक अलर्ट जारी कर दिया। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया, एएसपी सीताराम और एसडीओ राजस्व अंबिकेश प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस बल और रेलवे पुलिस की मदद से छात्राओं की तलाश शुरू की गई। प्रशासन की तेजी से कार्रवाई का ही परिणाम रहा कि कुछ ही घंटों में पता चला कि सभी छात्राएं सतना जिले के मैहर पहुंच गई थीं। पुलिस टीम ने उन्हें सुरक्षित वापस ला लिया। लापता हुई छात्राओं में से एक ने घर पर पत्र भेजा था, जिसमें लिखा था, "मैं अब कुछ बनकर ही लौटूंगी।" इस पत्र से घटना और रहस्यमय हो गई और तलाश तेज करनी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक छात्राओं के कदम के पीछे व्यक्तिगत या पारिवारिक कारण हो सकते हैं, जिनकी पुष्टि पूछताछ के बाद होगी। फिलहाल सभी छात्राएं सुरक्षित हैं और उनकी काउंसलिंग कराई जाएगी।

## भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में बारिश का दौर बना हुआ है। सोमवार को भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। खरगोन के भगवानपुरा और पीपलझोपा में रुक-रुककर हुई बारिश से नदी नाले उफना गए। पीपलझोपा में सिरवेल मार्ग पर जलभराव की स्थिति बनी। करीब ढाई फीट पानी सड़क पर जमा हो गया। एक वैन लगभग आधी डूबी रही। कुछ घरों में पानी घुस गया। वहीं, बड़वानी के रलावती में बना सेंधवा ब्लॉक का सबसे बड़ा तालाब ओवर फ्लो होकर बह रहा है। जबलपुर में एक लोडिंग ऑटो नदी में बह गया। ट्रैक्टर की मदद से रस्सी बांधकर उसे बाहर निकाला गया। महू के मानपुर में एक युवक सेल्फी लेने के दौरान नदी में बह गया।

### मुख्यमंत्री के निर्णय से युवाओं में खासा उत्साह... आगामी वर्ष से पुलिस में भर्तियां करेगा पुलिस भर्ती बोर्ड

## कानून व्यवस्था और सिंहस्थ-28 के दृष्टिगत प्रदेश में 22500 पुलिसकर्मियों की होगी भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था और सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत आगामी 3 वर्षों में पुलिस विभाग में 22500 पदों पर भर्ती की जाएगी। अभी तक पुलिस विभाग में भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल द्वारा होती हैं। पुलिस को जल्द से जल्द मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अब मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' का गठन किया जाएगा और यही बोर्ड पुलिस की भर्तियां करेगा। इससे पुलिस भर्ती में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा से युवाओं में खासा उत्साह है और वे इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए पुलिस में स्वीकृत पदों की भर्ती 'मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड' की ओर से 'कर्मचारी चयन मंडल' करेगा। वर्ष 2026 से ये भर्तियां 'पुलिस भर्ती बोर्ड' द्वारा ही की जाएंगी। प्रतिवर्ष पुलिस के रिक्त 7500 पदों पर भर्ती की जाएगी और इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में पुलिस विभाग के सभी रिक्त 22,500 पद भर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शीघ्र ही गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक कर सभी लंबित मामलों का समुचित समाधान कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस, जेल और नगर सेवा एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियां में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिये जाने की घोषणा भी की है। वीवीआइपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस



अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी पात्रता अनुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता दिये जाने का निर्णय भी लिया गया है। पुलिस विभाग को दी जा रही इन सहुलियतों से विभाग की कार्यप्रणाली में सक्रियता आयेगी और अधिकारी एवं कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, जिससे प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आमजन को सुरक्षा कवच मिलेगा।

## विवादित बयान... छाती पर मूंग दल रहे...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
**भोपाल, एजेंसी।**कांग्रेस पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद रीवा के भाजपा सांसद एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनका एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बार भारत-पाकिस्तान विभाजन की बात करते-करते उनकी जुबान फिसल गई। सांसद ने धर्म विशेष के लोगों को लेकर एक विवादित बयान दिया है।

रीवा के सांसद ने कहा कि वो लोग भारत छोड़कर नहीं गए और अब यहां छाती में बैठकर मूंग दलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां हिंदु बहुसंख्यक था वहां अल्पसंख्यक हो गया। सांसद जनार्दन मिश्रा ने वायरल वीडियो में कहा कि सबसे ज्यादा मुस्लिम उत्तरप्रदेश और बिहार में थे, वो यहीं रह गए और अब यहां रहकर छाती में मेक ठोक रहे है (छाती पर बैठकर मूंग दलने वाली कहावत), यह स्थिति रह गई है भारत में विभाजन की। सांसद ने मऊगंज जिले में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विभाजन के समय पाकिस्तान की मांग करने वालो के साथ जा रहे कुछ लोगों को कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए रोक



लिया था। देश के लगभग 150 जिले है जहां हिन्दू बहुसंख्यक थे, लेकिन अब अल्पसंख्यक हो गए हैं। मुस्लिमों की आबादी बढ़ गई है, ये भारत में रहकर छाती में मेक ठोंक रहे हैं। गौरतलब है कि सांसद जनार्दन मिश्र अक्सर अपने बड़बोले बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते है। उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए दिया बयान हो या फिर आईपीएस और आईएएस अफसरों के लिए मंच पर धमकी। जनार्दन का वायरल होना तय होता है। सोमवार को ही उनका एक और बयान सोशल मीडिया में वायरल हुआ था जिसमें वो वोट चोरी का उदाहरण देते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी पर निशाना साधा था। अब सोमवार को ही उनका एक और विवादित बयान सामने आया है जो मुस्लिम समाज को लेकर है।

## संपादकीय

# लोकतंत्र बचाने के लिए निकले हैं या तार-तार करने

एक तरफ राहुल गांधी के साथ तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा पर निकले हुए हैं। वो दावा कर रहे हैं कि उनकी ये यात्रा लोकतंत्र बचाने के लिए है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ उनके बड़े भाई, लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने उनके इरादों पर ही सवाल उठा दिए हैं। अब ये मसला घर से बाहर निकल चुका है। तेज प्रताप यादव ने सोमवार को बहुत बड़ी बात कही है। वो भी किसी एक पत्रकार से नहीं बल्कि सार्वजनिक तौर पर आकर। तेज प्रताप यादव के अनुसार 'मुझे समझ नहीं आ रहा है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव लोकतंत्र बचाने के लिए निकले हैं या फिर लोकतंत्र को तार-तार करने निकले हैं। क्योंकि जिस प्रकार से नबीनगर विधानसभा से विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह के गाड़ी चालक को और उसके साथ एक मीडिया पत्रकार भाई को जयचंद द्वारा मारा-पीटा और गाली गलौच किया गया है, यह बेहद ही गलत और शर्मनाक है। मैं इसकी कड़ी आलोचना करता हूं।' इसी बीच तेज प्रताप यादव ने अपने भाई तेजस्वी यादव को सलाह जैसी एक चेतावनी भी दी। उन्होंने आगे लिखा है कि 'मैं तेजस्वी को कहना चाहता हूं, अभी भी समय है। अपने आस पास के जयचंदों से सावधान हो जाओ नहीं तो चुनाव में बहुत बुरा परिणाम देखने को मिलेगा। अब आप कितने समझदार हैं यह चुनाव परिणाम तय कर देगा।' तेज प्रताप यादव ने ये सारी बातें अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखी हैं। नीचे आप वो बयान पढ़ सकते हैं। तेज प्रताप यादव के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। हालांकि तेज प्रताप ने इस बारे में इससे ज्यादा न कुछ लिखा और न कोई बोला। लेकिन एक बात तो साफ है कि तेज प्रताप राजद से निकाले जाने के बाद अब किसी को भी बख्शने के मूड में नहीं हैं। लेकिन यहीं से तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के लिए मुश्किल भी है, क्योंकि तेजस्वी के घर से ही बगावत की चिन्गारी सुलग गई है।

**अर्ज़ किया है..!**

*उजालों को ढूँडो*
*सहर को पुकारो*
*अँधेरों में रोने से*
*क्या फ़ाएदा है*

-ज़िया फ़तेहाबादी

## OSHO कहिन

"जीवन कोई मकसद नहीं है, यह एक यात्रा है।"



**Health is Wealth**

# अचानक लो बीपी होने पर करें ये 3 काम, डॉक्टर बोले तुरंत मिलेगी राहत




आजकल लो बीपी की समस्या भी काफी कॉमन होती जा रही है। इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं, जैसे खराब लाइफस्टाइल या बिगड़ता खानपान। हालांकि ये सामान्य सी दिखने वाली बीमारी कई बार काफी घातक भी साबित हो सकती है। लो बीपी में अक्सर सिर घूमना, चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अचानक यदि किसी का ब्लड प्रेशर लो हो जाता है, तो शरीर एकदम टूट सा जाता है और समझ नहीं आता कि इसे मैनेज कैसे करें। जाने-माने हेल्थ एक्सपर्ट डॉ सलीम जैदी ने एक पोस्ट के जरिए तीन सिंपल हैक शेयर किए हैं, जो बीपी लो होने पर आपको तुरंत करने चाहिए। आइए जानते हैं।

### लो बीपी में दिखते हैं ये लक्षण

डॉक्टर सलीम बताते हैं कि यदि आपका ब्लड प्रेशर लो हो रहा है, तो कुछ बहुत ही कॉमन लक्षण देखने को मिलते हैं। जैसे चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, धुंधला दिखाई पड़ना या उल्टी जैसा महसूस होना। कई बार ठंडे और चिपचिपे हाथ होने की समस्या भी हो सकती है। इसके अलावा कई बार स्किन का पीला पड़ जाना और सांस लेने में तकलीफ होना भी, लो बीपी के लक्षण हो सकते हैं। डॉ कहते हैं कि यदि आपका बीपी भी काफी लो हो गया है, तो ये 3 हैक आपको जरूर ट्राई करने चाहिए।

### चीनी और नमक का घोल बनाकर पीएं

डॉक्टर सलीम कहते हैं कि बीपी के अचानक लो होने पर, तुरंत आपको चीनी और नमक का घोल बनाकर पीना चाहिए। इसके लिए एक गिलास पानी में आधा चम्मच नमक और लगभग एक चम्मच चीनी मिलाकर घोल लें। अब इस ड्रिंक को तुरंत पी जाएं। इससे तुरंत बीपी में राहत मिलती है।

### पैरों को ऊपर उठाएं

डॉक्टर कहते हैं कि लो बीपी होने पर दूसरा काम आप कर सकते हैं कि अपने पैरों को ऊपर उठा लें। नीचे लेट जाएं और दोनों पैरों को दीवार के सहारे ऊपर की तरफ कर लें। आपको अपने पैर हार्ट के लेवल से ऊपर रखने हैं। इसे ब्रेन और हार्ट की तरह ब्लड फ्लो बढ़ेगा और तुरंत आपको राहत मिलेगी।

### एक कप ब्लैक टी या ब्लैक कॉफी पीएं

तीसरे स्टेप में डॉक्टर सलीम बताते हैं कि आपको एक कप ब्लैक टी या कॉफी जरूर पीनी चाहिए। दरअसल इनमें अच्छी मात्रा में कैफीन मौजूद होता है, जो हार्ट को स्टीमुलेट करता है। इससे बीपी में तुरंत एक बूस्ट देखने को मिलता है।

### इस बात का रखें ध्यान

डॉक्टर कहते हैं कि बीपी लो होने पर अगर आप ये तीन स्टेप फॉलो करते हैं, तो बीपी में थोड़ा सा शिफ्ट देखने को मिलता है। इसके बाद आप थोड़ा बेहतर महसूस करने लगते हैं। हालांकि ध्यान रहे कि जैसे ही आप कुछ राहत महसूस करें, डॉक्टर के पास जरूर जाएं। लो बीपी की समस्या आपको भले ही सामान्य लगे, लेकिन इसे नजरंदाज करना बिल्कुल भी समझदारी नहीं है। ये ब्रेन और हार्ट पर काफी बुरा असर डाल सकती है।

Maharashtra

# नशे में धुत्त ऑटो चालक ने महिला कांस्टेबल को घसीटा, सीसीटीवी में कैद हुई सनसनीखेज घटना

**सातारा, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में सातारा के मध्यवर्ती क्षेत्र में सोमवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां शराब के नशे में टल्ली एक रिक्शा चालक महिला पुलिस कॉन्स्टेबल द्वारा रोकने पर उसे रिक्शा के साथ घसीटते हुए ले गया. यह पूरा वाकया खंडोबा माळ से लेकर मार्केट यार्ड तक हुआ और इसका डरा देने वाला नजारा सीसीटीवी फुटेज कैमरे में कैद हो गया है.

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, महिला पुलिसकर्मी ने किसी कारण से रिक्शा चालक को रोकने की कोशिश की थी. उसी दौरान उसने ऑटो भगाने की कोशिश की, जिसमें महिला पुलिस कॉन्स्टेबल सड़क पर घिसटती



गई और गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना में महिला कॉन्स्टेबल खून से लथपथ हो गई. उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गौरतलब है कि रिक्शा चालक ने भागते समय 6 से 7 दुपहिया वाहन और कई चार पहिया वाहनों को भी टक्कर मारी.

इलाके की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना का भयावह नजारा दिखा जिसमें चलते ऑटो के पीछे महिला कॉन्स्टेबल को घिसटता देखकर लोग उसे बचाने के लिए दौड़ पड़े.आखिरकार स्थानीय नागरिकों ने आरोपी रिक्शा चालक को पकड़कर जमकर धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया. सातारा पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की जांच में जुट गई है.

Hyderabad

## हैदराबाद में दर्दनाक हादसा, जन्माष्टमी समारोह के दौरान करंट लगने से 5 की मौत, 4 घायल

**हैदराबाद, , (एजेंसी)** तेलंगाना के हैदराबाद में दर्दनाक हादसा हुआ है। रविवार-सोमवार रात श्री कृष्णाष्टमी समारोह के दौरान एक दुखद हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 4 लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, उप्पल थाना इलाके के रामंतपुर गोखले नगर में एक रथ के बिजली के तारों से टकराने के कारण करंट लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब यादव संगम समारोह हॉल में आयोजित जुलूस में भगवान कृष्ण की मूर्ति वाले रथ को 9 लोग खींच रहे थे। इस दौरान रथ ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया, जिससे जोरदार करंट का झटका लगा। घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कृष्ण यादव (24), श्रीकांत रेड्डी (35), सुरेश यादव (34), रुद्र विकास (39) और राजेंद्र रेड्डी (39) के रूप में हुई। वहीं, चार घायलों को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और परिवहन मंत्री पूनम प्रभाकर ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली, घायलों की स्थिति का जायजा लिया और बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और बारिश के दौरान बिजली के तारों के पास सावधानी बरतने की सलाह दी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने भी इस हादसे को हृदयविदारक बताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

Gujrat

## कारों की टक्कर, 8 लोग जिंदा जले

**सुरेंद्रनगर, (एजेंसी)** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के वढवाण-लखतर हाईवे पर रविवार 17 अगस्त की देर शाम 2 कारों की टक्कर के बाद आग लग गई, जिसमें 1 बच्ची समेत 8 लोग जिंदा जल गए. हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया. हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़े गए और वह सड़क किनारे खाई में जा गिरी. इस हादसे में कार सवार सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया. पुलिस ने बताया कि यह हादसा वढवाण-लखतर हाईवे पर डेडादरा गांव के पास हुआ. हाईवे पर दो कारों की आमने-सामने से टक्कर हुई. टक्कर के बाद एक कार सड़क किनारे जा गिरी और उसमें आग लग गई. कार से एक व्यक्ति ही गंभीर हालत में बाहर निकल सका, लेकिन अस्पताल जाते समय उसकी भी मौत हो गई. सभी मृतक रिश्तेदार थे और कडू से सुरेंद्रनगर जा रहे थे. दुर्घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया.

**मृतकों में ये लोग शामिल-** मीनाबा वीरेंद्रसिंह राणा (49), राजेश्वरीबा नरेंद्रसिंह राणा (52), प्रतिपालसिंह चुडासमा (35), रिद्धि प्रतिपालसिंह चुडासमा (32), कैलाश जगदीशसिंह चुडासमा (60), निताबा भागीरथसिंह जाडेजा (58), दिव्याबा हरदेवसिंह जाडेजा (35) व दिव्यश्री चुडासमा (10 महीने).

Uttarpradesh

## टोल प्लाजा पर सैनिक की पिटाई, 20 लाख जुर्माना

**मेरठ, (एजेंसी)** टोल प्लाजा पर सैनिक को बंधक बनाकर पीटने के मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) भी सख्त हो गया है। टोल प्लाजा पर 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। टोल संग्रह एजेंसी मेसर्स धर्म सिंह पर कड़ा रुख अपनाते हुए भविष्य में टोल प्लाजा पर बोलियों में भाग लेने से रोकने के लिए ब्लैक लिस्ट करने और एजेंसी की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही एनएचआई ने टोल प्लाजा कर्मचारियों द्वारा किए गए इस तरह के व्यवहार की कड़ी निंदा भी की है। मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित भूनी टोल प्लाजा पर रविवार को गोटका निवासी सेना के जवान को बंधक बना लिया और खंभे से लगाकर बर्बरता के साथ लाठी-डंडों से



पीटा गया था। बचाव में आए उनके चचेरे भाई के साथ भी टोलकर्मियों ने मारपीट की। इसके खिलाफ सोमवार को मामला और गहरा गया। ग्रामीणों ने टोल प्लाजा पर धावा बोल दिया और जमकर तोड़फोड़ की। सत्तापक्ष से जुड़े भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम भी ग्रामीणों के साथ टोल पर पहुंच गए।

खेल

# एक दिन में BCCI के दो धमाके, एशिया कप और WC के लिए घोषित होगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) एक ही दिन में दो धमाके करने जा रहा है। बीसीसीआई मंगलवार को पुरुष एशिया कप 2025 और महिला वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान करेगा। दोनों टीमों की घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस में की जाएगी, जिनका समय अलग-अलग है। एशिया कप का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होगा। इस बार टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। वहीं, महिला वर्ल्ड कप 30 सितंबर से भारतीय सरजमीं पर आयोजित होगा।**





पुरुष एशिया कप के लिए भारतीय टीम का चयन करने के लिए सीनियर सेलेक्शन कमेटी की 19 अगस्त को मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में बैठक होगी। सेलेक्शन मीटिंग के बाद दोपहर 1:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के मौजूद रहने की संभावना है। माना जा रहा है कि टीम का चयन आम उम्मीदों से हटकर हो सकता हैं। ऐसे में इंग्लैंड दौरे पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए एशिया स्क्वॉड में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है।

चयनकर्ताओं से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की मौजूदा जोड़ी को ही चुनने की उम्मीद है। तीसरे सलामी बल्लेबाज के लिए हमेशा जगह होती है और गिल के नाम पर चर्चा होनी तय है। हालांकि, यशस्वी जायसवाल इस रोल के लिए मजबूत दावेदार हैं। टीम में अन्य बल्लेबाजों में तिलक वर्मा और रिंकू सिंह शामिल हो सकते हैं। ऑलराउंडर शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर भी दावेदार हैं। जितेश शर्मा के दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल होने की उम्मीद है।

दूसरी ओर, वनडे वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे होगी। सेलेक्शन मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान हरमनप्रीत कौर और महिला चयन समिति की अध्यक्ष नीतू डेविड शिरकत करेंगी। अगर खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन पर नजर डालें तो शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजो की जगह बिल्कुल पक्की लग रही। इस सूची में हरमनप्रीत के अलावा स्मृति मांधना, जेमिमाह रॉड्रिग्स और ऋचा घोष का नाम शामिल है। ऋचा के बाद यास्तिका भाटिया भारत का दूसरा विकेटकीपर ऑप्शन हो सकती हैं।

सिनेमा

## रणवीर की फिल्म 'धुरंधर' के सेट पर अचानक बीमार पड़े 100 से ज्यादा लोग, बुलवानी पड़ी पुलिस



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की मचअवेटेड एक्शन फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग इन दिनों लद्दाख के लेह जिले में चल रही है. लेकिन रविवार 17 अगस्त को सेट पर मौजूद 100 से ज्यादा लोगों की अचानक तबीयत खराब हो गई. जिसके बाद हडकंप मच गया. जानकारी के मुताबिक सभी को फूड पॉइजनिंग हो गई है. पुलिस ने फिल्म के सेट पर पहुंचकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक फिल्म 'धुरंधर' का पूरा क्रू इस वक्त लेह-लद्दाख में शूटिंग कर रहा है. 17 अगस्त को लेह के गुरुद्वारा पत्थर साहिब के पास एक सीक्वेंस शूट हो रहा था. लंच के वक्त 600 से ज्यादा लोगों को खाना सर्व किया गया था. खाना खाने के बाद से ही लोगों की तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई.

**कैसी है अब लोगों की तबीयत**? एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि एक फिल्म यूनिट के 100 से ज्यादा कर्मचारियों को फूड पॉइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंने बताया कि सभी की हालत स्थिर है. अचानक पेट में तेज दर्द, सिरदर्द और उल्टी की शिकायत के बाद रविवार देर रात मरीजों को एसएनएम अस्पताल लाया गया था.

## Highlights

1. Red alert in Mumbai as IMD forecasts heavy rain, schools closed
2. Oppn plans motion to remove EC chief Gyanesh after he gives 7-day ultimatum to Rahul
3. Another RSS man fielded: Congress' Tagore on NDA's VP candidate
4. Yamuna crosses danger mark in Delhi
5. Speaker Birla warns Oppn, says 'People haven't sent you to destroy govt property'

# India may impose 3-year tariff on top steel producers, China to feel impact

**NEW DELHI, (Agency).** The Indian government may impose a three-year import tariff of 11–12 per cent on some selected steel products, if it heeds to a communique by its Directorate General of Trade Remedies (DGTR) on August 16. The proposed tariff on steel imports would begin at 12% in the first year, reduce to 11.5% in the second, and further drop to 11% in the third, Reuters reported. The move would curb rising shipments from top steel producers like China, whose oversupply has disrupted global markets. "The Authority concludes that there is a recent, sudden, sharp and significant increase in imports," the DGTR notification said, adding that this could cause serious injury to the domestic steel sector. This latest recommendation follows a temporary 12% safeguard duty imposed by India in April for 200 days after preliminary findings showed a steep increase in steel imports. The final recommendation now formalises the case for longer-term protection.



Global steel glut behind tariff push

The DGTR also said that due to 50% tariffs on steel imports into the US, coupled with similar measures by other countries, a bulk of steel volumes are lying with manufacturers across the world. "Therefore, the safeguard duty must address, not only the serious injury suffered by the domestic industry...but also the threat of serious injury that is likely to arise in the future."

Trade tensions on the rise as global steel tariffs tighten

The recommendation comes amid a wave of international trade protection against Chinese steel exports.

US President Donald Trump's import tariffs on steel have fuelled a wave of trade frictions against Chinese steel, with countries including South Korea and Vietnam imposing anti-dumping levy.

In a related move, Japanese steel industry lobby groups have also called for faster action to prevent evasion of anti-dumping duties and protect their domestic markets from unfair imports.

# Airtel slowly recovers after large-scale outage, what company said

**NEW DELHI, (Agency).** Users across mobile networks in India experienced a prolonged outage on Monday, August 18 — starting majorly with Airtel, then to a lesser degree with Jio and Vodafone-Idea.

What Airtel said on network being down

The issue was first flagged in Delhi-NCR before 5 pm, and later in Mumbai and Bengaluru too, spreading across India soon after.

Compare flights & save up to 30% on your next trip Book Now

"Our customers from Delhi-NCR are experiencing some voice calling issues for the past hour or so," a statement by the company read, "Significant part of the issue has already been resolved and our engineers are at work to resolve this fully. We deeply regret any inconvenience."

Extent of Airtel outage

Downdetector, a portal that monitors tech glitches, saw over 3,600 reports of Airtel outages at around 4:30 pm on Monday, as against a baseline of less than 15. There was a gradual decline to less than 150 reports by 10.30 pm. Customers were now getting messages from Airtel saying services were restored. Others affected too: Reports of outages from Jio and Vi customers were also higher than the average, but coming down — from a peak of around 200 reports to around 130. Jio shared a press statement that said its own network did not have issues. "We would like to clarify that the Jio network has been operating normally throughout the day with no operational issues. All Jio-to-Jio calls and calls from Jio to other non-impacted networks have been working seamlessly. The only problem observed was in calls made by Jio numbers to a specific impacted network customers, due to downtime on that network's end. This did not affect Jio customers calling within the Jio network or connecting to any other networks. We assure our customers that the Jio network continues to perform optimally, and services remain fully available," the official said.

Most reported Airtel outages were related to mobile phones on Downdetector, followed by signal and mobile internet issues.

Areas affected by Airtel outage

A Downdetector map of areas affected by the Airtel outage showed Chandigarh, Ahmedabad, Guwahati and Madurai also in the red, meaning much higher than usual complaints from across all corners of the country. Cities in central India were no different on this count, as of 6 pm, Monday, August 18.

# पड़ोसियों ने महिला और बेटे पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर में एक महिला को उसके पड़ोसी और उनके साथियों ने घर में घुसकर बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने महिला के घर पर पथराव भी किया और बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ की।**



महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट और हमले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हीरानगर पुलिस ने स्वाति भालेकर की शिकायत पर पड़ोसी राघवेंद्र पुत्र देवेंद्र सिंह पंवार, उसके दोस्त दिव्यांशु पुत्र लक्ष्मण घोलप और राहुल के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। स्वाति का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, स्वाति ने बयान में बताया कि उनके घर के सामने राघवेन्द्र ने अपने दोस्त की कार खड़ी कर रखी थी। रविवार सुबह जब वह बाहर सफाई कर रही थी, तो उसने कार हटाने के लिए कहा। इस बात पर देवेन्द्र और उसके साथी बहस करने लगे। तभी स्वाति का बेटा आदित्य बाहर आया, तो आरोपियों ने उससे भी बहस की। इसके बाद तीनों आरोपियों ने घर में घुसकर बेसबॉल के बल्ले और रॉड से महिला और उसके बेटे पर हमला किया। इसके बाद घर के बाहर पथराव किया गया, जिससे घर के कांच और दरवाजों को भी नुकसान पहुंचा। आरोपियों ने काफी देर तक परिवार को धमकाया। स्वाति और उसका बेटा आदित्य आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचे, जहां उनका उपचार शुरू हुआ। स्वाति को सिर पर गंभीर चोट आई है।

# संदिग्ध हालात में लोडिंग ड्राइवर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाले एक लोडिंग ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय संजय पुत्र भवानी पटेल निवासी ऋषि पैलेस 9 अगस्त को काम के दौरान अचानक सड़क पर गिर गए थे। उस समय आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला और घर तक छोड़ दिया था।**

अगली सुबह जब संजय उठे तो उनके हाथ-पांव सुन्न हो चुके थे और वे सही से चल-फिर नहीं पा रहे थे। परिवार ने पहले नजदीक के डॉक्टर को दिखाया और फिर उन्हें अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया। करीब नौ दिन तक यहां इलाज चला। रविवार को डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। शाम को एमवाय पहुंचने के बाद उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक संजय की मौत सिर में आई अंदरूनी चोट के कारण हुई है। घटना के बाद से पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिवार के मुताबिक, संजय चार बेटियों के पिता थे। उनके पिता पहले से ही पैरालिसिस से पीड़ित हैं, जबकि मां का निधन दो साल पहले हो चुका है।

## मोटर यातायात श्रमिकों के लिए नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इन्दौर। सहायक श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा मोटर यातायात श्रमिकों के लिए एआईएसटीएसएल चार्टर्ड बस परिसर इंदौर में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रमिकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच की व्यवस्था की गई तथा योग्य श्रमिकों को परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मोटर यातायात श्रमिकों ने भाग लेकर नेत्र परीक्षण कराया और विभागीय योजनाओं तथा मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम 1961 की जानकारी प्राप्त की। शिविर में श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियमों के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। जिसमें अधिनियम के तहत श्रमिकों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रावधान, कार्य के घंटे एवं विश्राम अवकाश, वार्षिक अवकाश के बारे में बताया गया। साथ ही श्रमिकों के लिए कल्याणकारी सुविधाएं जैसे कैंटीन, प्राथमिक चिकित्सा एवं आराम कक्ष के बारे में भी विस्तार से समझाइश दी गई।

## कार सवारों ने 5 वाहनों को मारी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआं इलाके में रविवार देर रात नशे में धुत्त कार सवार युवकों ने 4 अन्य कारों सहित 5 वाहनों को टक्कर मार दी। जिससे इन वाहनों को काफी नुकसान हुआ है। टक्कर के बाद कार सवार युवक मौके से फरार हो गए। देर रात पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी। घटना राजीव गांधी चौराहे से नवलखा के बीच सीएस कोचिंग के सामने की है। पुलिस ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से कार दौड़ा रहे थे। नियंत्रण खोने के कारण कार पहले डिवाइडर से टकराई और फिर फुटपाथ पर आ गई। पार्किंग के पास खड़ी 4 कार और एक बाइक चपेट में आ गईं। आवाज सुनकर आसपास के हॉस्टल में रहने वाले युवक और गार्ड बाहर आ गए पर तब तक आरोपी युवक कार से उतरकर भाग चुके थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक